अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 531 वर्ष 42

राँची, 15 मई, 2018 (मई दिवस विशेषांक)

शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रमिकों को श्रद्धांजलि

मई दिवस के अवसर पर 01 मई, 2018 को सीसीएल मुख्यालय परिसर में 'शहीद स्मारक' पर मुख्य अतिथि सीएमडी, श्री गोपाल सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, महाप्रबंधक(यो./परि.) श्री वी के श्रीवास्तव, श्रमिक प्रतिनिधिगण सहित अन्य सभी कर्मियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत शहीद कर्मवीर दिवंगत सीसीएल कर्मियों को शत–शत नमन किया।

श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

श्रम सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

विगत 01 मई 2018 की संध्या को खेलगांव, रांची में "श्रम सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) माननीय श्री बाबुल सुप्रियो उपस्थित थे। समारोह के विशिष्ट,

मुख्य अतिथि एवं अन्य माननीय अतिथि दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री बाबुल सुप्रियो

कार्यक्रम को संबोधित करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह

अतिथि माननीय सांसद (लोकसभा) श्री रामटहल चौधरी, माननीय सांसद (राज्यसभा) श्री महेश पोद्दार और माननीय विधायक (कांके) डॉ जितु चरण राम उपस्थित थे। श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण सर्वश्री रमेन्द्र कुमार, लखन लाल महतो, बालेश्वर महतो, डी.डी. रामानन्दन, राजेश कुमार सिंह, विन्ध्याचंल बेदिया, भीम सिंह यादव, आर.आर. सिंह, हरिशंकर सिंह, ललन प्रसाद सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर. एस. महापात्र, मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री ए.के. श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (योजना/परियोजना) श्री वी.के. श्रीवास्तव सहित अन्य. गणमान्य उपस्थित थे। बड़ी संख्या में सीसीएल मुख्यााालय तथा सभी क्षेत्रों से आए कर्मी भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री बाबुल सुप्रियो ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम के बिना पूंजी का कोई उपयोग नहीं है और राष्ट्र के विकास की नींव श्रम से ही रखी जाती है। श्री सुप्रियो ने कहा कि आप सभी श्रम से देश को समृद्ध बना रहें हैं जिसके लिए मैं आपको साधुवाद देता हूं। श्री सुप्रियों ने कहा कि हमारे यशस्वी एवं तेजस्वी माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर सतत अग्रसर है और उर्जा की नितांत आवश्यकता को देखते हुए इस क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि माननीय कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल के मार्गनिर्दैशन में सभी कोयला उपक्रम देश में उर्जा उत्पादन हेतु निर्बाध रूप से कोयला आपूर्ति कर रहें हैं और सीसीएल इसमें अपना अहम भूमिका निभा रहा है।

स्वागत भाषण में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने मुख्य अतिथि तथा सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी कर्मियों को मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सीसीएल का मैं पहला श्रमिक हूं और यह हम सभी के श्रम का नतीजा है कि सीसीएल ने विगत वर्षों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। कल तक जिस कंपनी के लिए 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना एक स्वप्न था आज उसी कंपनी के लिए 70 मिलियन टन कोयला उत्पादन करना कोई बड़ी बात नहीं है, यह हमारे श्रम का ही परिणाम है। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं माननीय केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में कोयला क्षेत्र में नित्य नये कीर्तिमान स्थापित किये गये हैं और वे हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों के 75 अधिकारियों एवं कर्मचारियो को कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु मुख्य अतिथि माननीय श्री बाबुल सुप्रियो ने सम्मानित किया।

श्रम सम्मान समारोह में छन्दम ग्रुप, कोलकाता ने गीत संगीत का बेहतरीन कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। कलाकारों की प्रस्तुती विशेषकर श्री बाबुल सुप्रियो जी के गीतों ने पूरे स्टेडियम में उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सम्मानित श्रमिकों के साथ मुख्य अतिथि श्री बाबुल सुप्रीयो एवं अन्य

कार्यक्रम प्रस्तुत करते मुख्य अतिथि श्री बाबुल सुप्रियो

> मजदूर दिवस के मौके पर मैं कामगारों के अथक परिश्रम और दृढ़ निश्चय को सलाम करता हूँ जिन्होंने भारत की तरक्की में बड़ा योगदान दिया है, श्रमेव जयते
>
> – माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की बैठक

माननीय अध्यक्ष श्री मनहर वालजीभाई जाला सम्बोधित करते हुए

विगत 3 मई को मुख्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की बैठक में माननीय अध्यक्ष श्री मनहर वालजीभाई जाला ने अपने संबोधन में कहा कि सफाई का कार्य छोटा नहीं होता है बल्कि यह एक बड़ा कार्य है। जिस गंदगी को हम छूना, देखना पसंद नहीं करते हैं सफाई कर्मी आगे बढ़कर यह नेक कार्य करते हैं।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने माननीय श्री जाला का स्वागत करते हुए कहा कि सीसीएल स्वच्छता हेतु प्रतिबद्ध है साथ ही उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी से संबंधित जो भी समस्या है सीसीएल प्रबंधन उसका निदान निश्चित समय पर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (ज.सं.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)